वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2014 - 15

एसबीबीजे
S B B J

स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर
STATE BANK OF BIKANER & JAIPUR

टोल फ्री नं. : 1800 180 6005

www.sbbjbank.com

निदेशक मण्डल की सभा का दृश्य
Meeting of the Board of Directors in Progress

सूचना

स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर
प्रधान कार्यालय, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

वार्षिक साधारण सभा एवं रजिस्टर बंद की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर के अंशधारकों की 54वीं वार्षिक साधारण सभा, महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम, भारतीय विद्या भवन, के.एम. मुशी मार्ग, ओ.टी.एस. के सामने, जयपुर में मंगलवार, दिनांक 16 जून, 2015 को अपराह्न 3 बजे (भारतीय मानक समय) आयोजित की जायेगी, जिसमें 1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च, 2015 तक की अवधि के तुलन-पत्र एवं लाभ और हानि खाता, इसी अवधि में बैंक के कार्यप्रणाली एवं क्रियाकलापों पर निदेशक मण्डल के प्रतिवेदन तथा तुलन-पत्र व लेखों के सम्बन्ध में संपरीक्षकों के प्रतिवेदन पर विचार कर पारित किया जायेगा।

बैंक के अंशधारकों का रजिस्टर मंगलवार, दिनांक 9 जून 2015 से सोमवार, दिनांक 15 जून 2015 तक (दोनो दिन मिलाकर), 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष की वार्षिक साधारण सभा हेतु बन्द रहेगा।

मण्डल के आदेशानुसार

स्थान: जयपुर
दिनांक: 11 मई, 2015

(ज्योति घोष)
प्रबन्ध निदेशक

NOTICE

STATE BANK OF BIKANER & JAIPUR
Head Office, Tilak Marg, 'C' Scheme,
JAIPUR - 302005

NOTICE OF ANNUAL GENERAL MEETING AND BOOK CLOSURE

NOTICE is hereby given that the Fifty- fourth Annual General Meeting of the Shareholders of State Bank of Bikaner and Jaipur will be held in the Maharana Pratap Auditorium, Bharatiya Vidya Bhavan, K.M. Munshi Marg, Opp. O.T.S., Jaipur - 302015 on Tuesday, the 16th June, 2015 at 3.00 p.m. (Indian Standard Time) to discuss and adopt the Balance Sheet and Profit & Loss Account of the Bank, the report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts for the period 1st April, 2014 to 31st March, 2015.

The register of sharehlders of the Bank shall remain closed from Tuesday, the 9th June, 2015 to Monday, the 15th June, 2015 (both days inclusive) for the purpose of Annual General Meeting for the year ended 31st March, 2015.

By ORDER OF THE BOARD

Place: Jaipur
Date: 11th May, 2015

(Jyoti Ghosh)
Managing Director

विषय – सूची **CONTENTS**

उल्लेखनीय तथ्य Highlights	03 03
निदेशक मण्डल Board of Directors	04 04
निदेशक मण्डल का प्रतिवेदन Directors' Report	08 09
कॉरपोरेट अभिशासन Corporate Governance	42 43
बासेल–III प्रकटीकरण Basel-III Disclosures	70 71
स्वायत्त लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन Independent Auditors' Report	130 131
तुलन–पत्र Balance Sheet	134 134
लाभ–हानि खाता Profit & Loss Account	136 136
तुलन–पत्र एवं लाभ हानि खाते की अनुसूचियां Schedules of Balance Sheet and Profit & Loss Account	138 138
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां Principal Accounting Policies	150 151
खातों पर टिप्पणियां Notes on Accounts	164 165

उन्नति का एक दशक 2006–2015
A Decade of Progress 2006-2015

(₹ in Crore)
(₹ करोड़ में)

संकेतक Indicators	पूंजी एवं आरक्षितियां Capital & Reserves	कुल व्यवसाय Total Business	परिचालन लाभ Operating Profit	निवल लाभ Net Profit	शाखाओं की संख्या No. of Branches	प्रति कर्मचारी औसत व्यवसाय Average Business per Employee	प्रति कर्मचारी निवल लाभ (₹ लाख में) Net Profit per Employee (₹ in lakh)
मार्च March 2006	1405.66	37790	481.03 @	145.03	832	2.77	1.20
मार्च March 2007	1653.71	49246	679.20 @	305.80	844	3.56	2.57
मार्च March 2008	1713.21	59427	661.18 @	315.00	850	4.45	2.73
मार्च March 2009	2046.47	69312	892.84 @	403.45	860	5.55	3.55
मार्च March 2010	2417.40	81622	903.73 @	455.16	861	6.28	3.96
मार्च March 2011	2850.81	95596	1140.25 @	550.88	902	7.51	4.84
मार्च March 2012	4164.88	111558	1489.61 @	652.03	950	8.27	5.42
मार्च March 2013	4764.13	130590	1712.87 @	730.24	1037	9.00	5.91
मार्च March 2014	5355.92	139208	1694.66 @	731.69	1148	9.77	5.62
मार्च March 2015	6012.68	155392	2104.11 @	776.87	1261	11.00	6.02

@ निवेशों के मूल्यांकन के लिए भारिबैं द्वारा जारी पुनरीक्षित दिशानिर्देशों का दृष्टिगत करते हुए।

Keeping in view revised RBI guidelines on valuation of investments.

उल्लेखनीय तथ्य
HIGHLIGHTS

(₹ करोड़ में) (₹ in Crore)

		2013-14	2014-15
कुल व्यवसाय अन्तर बैंक जमाओं सहित Total Business including inter-bank deposits		139208	155392
जमाराशियाँ Deposits		73875	84239
कुल अग्रिम Total Advances		65333	71153
अग्रिम (निवल) Advances (Net)		64172	69548
निवेश (निवल) Investments (Net)		17750	22465
निवल लाभ Net Profit		731.69	776.87
जमाओं की लागत Cost of Deposits		7.04%	7.01%
अग्रिमों पर आय Yield on Advances		11.27%	10.98%
निवल ब्याज अन्तर Net Interest Margin		3.62%	3.37%
प्रदत्त पूंजी एवं आरक्षितियां Paid-up Capital & Reserves		5355.92	6012.68
प्रति अंश आय (₹ में) Earning per Share (in ₹)		104.53	110.98
प्रति अंश पुस्तक मूल्य (₹ में) Book Value per Share (in ₹)		765.13	858.95
पूंजी पर्याप्तता अनुपात Capital Adequacy Ratio	बासेल-II के अनुसार As per Basel - II	11.71%	11.69%
	बासेल-III के अनुसार As per Basel - III	11.55%	11.57%
लाभांश दर Dividend Rate		143%	143%
सकल गैर-निष्पादित आस्तियां Gross Non Performing Assets		2732.78	2945.14
सकल गैर-निष्पादित आस्तियां प्रतिशत Gross NPA%		4.18%	4.14%
निवल गैर-निष्पादित आस्तियां प्रतिशत Net NPA%		2.76%	2.54%
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम Advances to Priority Sectors		23641	27844
कृषि क्षेत्र को अग्रिम Advances to Agriculture		10962	11927
सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को अग्रिम Advances to Micro and Small Enterprises		9464	10838
निर्यात वित्त Export Finance		2740	2544
शाखाओं की कुल संख्या Total Number of branches		1148	1261
कर्मचारियों की संख्या Number of Employees		13359	13238
प्रति कर्मचारी औसत व्यवसाय Average Business per Employee		9.77	11.00
प्रति कर्मचारी निवल लाभ (₹ लाखों में) Net Profit per Employee (₹ in lakh)		5.62	6.02

निदेशक मण्डल (31 मई, 2015 को)

श्रीमती अरून्धति भट्टाचार्य अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट सेन्टर, मेडम कामा रोड, मुम्बई – 400 021	भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (ए) के अधीन पदेन अध्यक्ष
श्री ज्योति घोष प्रबन्ध निदेशक, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर, प्रधान कार्यालय, तिलक मार्ग, जयपुर 302005	अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (एए) के अधीन मनोनीत
श्रीमती मालविका सिन्हा मुख्य महाप्रबन्धक, सहकारी बैंक पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, गारमेंट हाऊस, डा. ऐनी बेसेन्ट रोड़, मुम्बई-400018	अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (बी) के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मनोनीत
श्री वी. जी. कन्नन प्रबंध निदेशक एवं स.का. (स. एवं अ.) भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट सेन्टर, मुम्बई – 400 021	अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत
श्री बी रमेश बाबू मुख्य महाप्रबन्धक, (स.एवं अ.), भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट सेन्टर, मुम्बई – 400 021	अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत
श्री रमेश चन्द्र श्रीवास्तव महाप्रबन्धक, (स.एवं अ.), सहयोगी बैंक विभाग भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट सेन्टर, मुम्बई – 400 021	अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत
श्री रतन कुमार रुंगटा 61/45, प्रताप नगर सांगानेर, टोंक रोड जयपुर – 302030	अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (डी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत
श्री हिमकर रामचंद्र श्रीवास्तव एम.एम.बी. 1/207, सैक्टर-बी, एस.बी. आई. कॉलोनी, सीतापुर रोड़ योजना, जानकीपुरम, लखनऊ-226021	अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (डी) के अधीन चयनित निदेशक
श्री भारत रतन बी. रतन एण्ड एसोसियेट्स, दुकान सं. 408-409, महक टावर, कैलाश सिनेमा रोड़ सिविल लाइंस, लुधियाना – 141001	अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (डी) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मनोनीत
श्री गुलाब सिंह उप सचिव, भारत सरकार, आईएफ-I वित मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, (बैंकिंग प्रभाग) तृतीय तल, जीवन दीप बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001	अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (ई) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत
श्री सुनील दत्त बाली 'मुस्कान', 4/83, विद्याधर नगर, जयपुर	अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (2ए) के साथ पठित धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सीबी) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत
श्री अरूण कूलवाल एकल खिड़की परिचालक स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर अं.का., जयपुर-302001	अधिनियम की धारा 26 की उपधारा (2ए) के साथ पठित धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (सीए) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत

BOARD OF DIRECTORS (AS ON 31ST MARCH, 2015)

Smt. Arundhati Bhattacharya Chairman, State Bank of India, Corporate Centre, Madame Cama Road, Mumbai-400021	Chairman, ex-officio under clause (a) of sub-section (1) of section 25 of the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959.
Shri Jyoti Ghosh Managing Director, State Bank of Bikaner and Jaipur Head Office, Tilak Marg, Jaipur - 302 005	Nominated under clause (aa) of sub-section (1) of section 25 of the Act.
Smt. Malvika Sinha Chief General Manager, Department of Cooperative Bank Supervision, Reserve Bank of India, Garment House, Dr. Annie Besant Road, Mumbai-400 018	Nominated by the Reserve Bank of India under clause (b) of sub-section (1) of section 25 of the Act.
Shri V.G. Kannan MD & GE (A&S) State Bank of India, Corporate Centre, Mumbai-400021	Nominated by the State Bank of India under clause (c) of sub-section (1) of section 25 of the Act.
Shri B. Ramesh Babu Chief General Manager (A&S) State Bank of India, Corporate Centre, Mumbai-400021	Nominated by the State Bank of India under clause (c) of sub-section (1) of section 25 of the Act.
Shri Ramesh Chandra Srivastava General Manager (A&S) Associate Banks Department State Bank of India, Corporate Centre, Mumbai-400021	Nominated by the State Bank of India under clause (c) of sub-section (1) of section 25 of the Act.
Shri Ratan Kumar Roongta 61/45, Pratap Nagar Sanganer Tonk Road Jaipur-302030	Elected director under clause (d) of sub-section (1) of section 25 of the Act.
Shri Himkar Ramchandra Srivastava MMB-1/207, Sector-B, SBI Colony, Sitapur Road Yojna, Jankipuram, Lucknow-226021	Elected director under clause (d) of sub-section (1) of section 25 of the Act.
Shri Bharat Rattan B. Rattan & Associates, Shop No. 408-409, Mahak Tower, Kailash Cinema Road, Civil Lines Ludhiana-141001	Nominated by the State Bank of India under clause (d) of sub-section (1) of section 25 of the Act.
Shri Gulab Singh Dy. Secretary Govt. of India, IF-I Ministry of Finance Department of Financial Services (Banking Divison) IIIrd Floor, Jeevan Deep Building, Parliament street, New Delhi-110001	Nominated by the Central Government under clause (e) of sub-section (1) of section 25 of the Act.
Shri Sunil Dutt Bali Muskan, 4/83, Vidhyadhar Nagar, Jaipur	Nominated by the Central Government under clause (cb) of sub-section (1) of section 25 read with sub section (2A) of section 26 of the Act.
Shri Arun Koolwal S.W.O. State Bank of Bikaner & Jaipur, Z.O. Jaipur - 302001	Nominated by the Central Government under clause (ca) of sub-section (1) of section 25 read with sub-section (2A) of section 26 of the Act.

निदेशक मण्डल (31 मार्च, 2015 को)
BOARD OF DIRECTORS (AS ON 31st March, 2015)

श्रीमती अरून्धति भट्टाचार्य
अध्यक्ष
Smt. Arundhati Bhattacharya
Chairman

श्री वी.जी. कन्नन
प्रबन्ध निदेशक एवं स.का. (स.एवं.अ.)
Shri V. G. Kannan
Managing Director & GE (A&S)

श्री ज्योति घोष
प्रबन्ध निदेशक
Shri Jyoti Ghosh
Managing Director

श्री बी. रमेश बाबू
Shri B. Ramesh Babu

श्री रमेश चन्द्र श्रीवास्तव
Shri Ramesh Chandra Srivastava

श्री गुलाब सिंह
Shri Gulab Singh

श्रीमती मालविका सिन्हा
Smt. Malvika Sinha

श्री रतन कुमार रूंगटा
Shri Ratan Kumar Roongta

श्री हिमकर रामचन्द्र श्रीवास्तव
Shri Himkar Ramchandra Srivastava

श्री भारत रतन
Shri Bharat Rattan

श्री सुनील दत्त बाली
Shri Sunil Dutt Bali

श्री अरूण कूलवाल
Shri Arun Koolwal

नवसज्जित एसएमएस हाइवे, जयपुर शाखा की ई-लॉबी का अवलोकन करती हुई तत्कालीन जयपुर रियासत के राजपरिवार की युवरानी दिया कुमारी व प्रबंध निदेशक।

Her Highness Princess Diya Kumari of the erstwhile royal family of Jaipur State and the Managing Director at the e-lobby of the refurbished branch premises of SMS Highway, Jaipur branch

हमारी एसएमएस हाइवे, जयपुर शाखा का नवसज्जित आंतरिक परिसर

Refurbished interior of our SMS Highway, Jaipur branch

भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम,1959 की धारा 43(1) के निबंधनों के तहत भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार को निदेशक मंडल का प्रतिवेदन

प्रतिवेदन की अवधि : 01 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015

स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर के निदेशक मंडल को बैंक के 31 मार्च 2015 को समाप्त वित्त वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन व साथ ही अंकेक्षित तुलन पत्र एवं लाभ हानि खातों को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता है।

प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेषण

आर्थिक परिदृश्य

वैश्विक अर्थव्यवस्था

2014-15 अत्यधिक उथल पुथल व असमंजस से परिपूर्ण वित्तीय वर्ष रहा। तेल मूल्यों में तीव्र गिरावट, विनिमय दर में त्वरित समायोजन, ECB का परिमाणात्मक सुधार कार्यक्रम, ग्रीस को लेकर चिंताएँ, मध्य-पूर्व में भौगोलिक-राजनीतिक तनाव आदि व साथ ही यूरो क्षेत्र तथा यूरोपियन संघ के आर्थिक व राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंताएँ कुछ ऐसे चुनिन्दा कारक हैं जो कि प्रमुखता से छाए रहे। 2014 की वैश्विक वृद्धि प्रारम्भिक अनुमानों से कम रही और 2013 की 2.5% की दर में आंशिक बढ़ोतरी के साथ 2014 में 2.6% हो गयी। वैश्विक अर्थव्यवस्था अपनी लय व गति को पकड़ने के लिए संघर्षरत है, क्योंकि जहां एक ओर उच्च आय देश वैश्विक वित्तीय संकट की विरासत से जूझ रहे हैं, वहीं उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएँ पहले की अपेक्षा कम ऊर्जावान हैं।

उच्च आय देशों में देखे जा रहे सुधारों, तेल मूल्यों में कमी और विकासशील देशों के आंतरिक उथलपुथल में उतार से संबल पाते हुए वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 2015 में 3% व 2016 में 3.3% वृद्धि होने का अनुमान है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की दर 2014 में 4.4% से बढ़ कर 2015 में 4.8% और 2016 में 5.3% होने की आशा है। तेल की मूल्यों में कमी के फलस्वरूप वास्तविक आय तेल निर्यातक देशों से निकल तेल आयातक देशों की ओर विशाल मात्रा में उन्मुख व अग्रसर होगी।

अमेरिका व ब्रिटेन में जहां श्रम बाजारो में सुधार और समावेशनोन्मुख मौद्रिक नीति के चलते व्यावसायिक गतिविधि ने अपनी गति पकड़ी है, वहीं यूरो क्षेत्र और जापान, जहां वित्तीय संकट का प्रभाव अभी भी विद्यमान है व साथ ही आधारभूत जटिल समस्याएँ भी आपस में गुंथी हुई हैं, में सुधार बहुत ही सीमित रहा है। चीन की अर्थव्यवस्था में भी उतार जारी है। अन्य विकासशील देशों में 2014 में निराशाजनक वृद्धि ने कमजोर बाह्य मांग, घरेलू नीतियों के संकुचन, राजनीतिक अनिश्चय तथा आपूर्ति संबन्धित विवशताओं को परिलक्षित किया। मंद बाह्य मांग का प्रभाव भारत जैसी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं द्वारा महसूस किया गया जहां निर्यातों पर काफी ज्यादा असर पड़ा।

लचीले पदार्थ मूल्य, लगातार कम होती ब्याज दरें किन्तु प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक नीतियों में तेजी से आ रही विविधता व कमजोर वैश्विक व्यापार वैश्विक परिदृश्य को संचालित करने वाले प्रमुख कारक रहे हैं। 2014 के मध्य से तेल की कीमतों में आई तीव्र गिरावट ने भी वैश्विक गतिविधि को आधार प्रदान किया व साथ ही तेल-आयातक विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के वृद्धि प्रयासों को भी परोक्ष रूप से समर्थित किया।

कुल मिलाकर 2017 के दौरान वैश्विक वृद्धि में सामान्य दर से ही बढ़ोतरी होने की आशा है। उच्च आय देशों में श्रम बाज़ारों में धीरे-धीरे आ रहे सुधार, वित्तीय समेकन में आ रही गिरावट व अभी भी कम वित्तीय लागतों के चलते यह वृद्धि दर 2014 के 1.8% से बढ़कर 2015-17 में 2.2% रहने की संभावना है। विकासशील देशों में वृद्धि का धीमे धीमे गति पकड़ते हुए 2014 में 4.4% से बढ़कर 2015 में 8% व 2017 तक 5.7% रहना प्रक्षेपित है।

भारतीय अर्थव्यवस्था

देश के समग्र विकास में व्यापक परिवर्तन लाने तथा उसे नयी दिशा प्रदान करने के दृढ़ इरादों से प्रेरित व अप्रत्याशित प्रचंड बहुमत से केंद्र में नयी सरकार के गठन के परिप्रेक्ष्य में 2014 को अर्थव्यवस्था के लिए आशा व सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत वर्ष के रूप में जाना जा सकता है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने देश में पूंजी व ऋण के रूप में ₹2.72 लाख करोड़ का निवेश करते हुए सेंसेक्स को 30000 की रिकॉर्ड ऊंचाई के स्तर पर पहुंचाया। समग्र आर्थिक परिदृश्य हताशा से आशा में बदलता हुआ प्रतीत होने लगा। दूसरी ओर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च 2015 को समाप्त सप्ताह में 339.99 अरब डॉलर के अबतक के सर्वोच्च स्तर पर पहुँच गए। इन सुधरे हुए विदेशी मुद्रा भंडारों ने देश को अमरीकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में वृद्धि किए जाने की दशा में रूपये की संभावित गिरावट से मुकाबला करने के लिए एक काफी मजबूत व बेहतर स्थिति में ला खड़ा किया है, हालांकि यह संभावना बाज़ार द्वारा पहले से ही नकार दी गयी प्रतीत होती है।

हाल ही में समाप्त वित्तीय वर्ष यथा 2014-15 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.4% की दर से वृद्धि होने की आशा है। यद्यपि अर्थव्यवस्था ने प्रथम तिमाही में 5.7%, दूसरी तिमाही में 5.3% तथा तीसरी तिमाही में 7.5% की वृद्धि दर्ज की, तथापि प्रथम दो तिमाहियों के वृद्धि आंकड़े आधार वर्ष के 2011-12 में परिवर्तन फलस्वरूप

REPORT OF THE BOARD OF DIRECTORS TO THE STATE BANK OF INDIA, THE RESERVE BANK OF INDIA AND THE GOVERNMENT OF INDIA IN TERMS OF SECTION 43(1) OF THE STATE BANK OF INDIA (SUBSIDIARY BANKS) ACT 1959

PERIOD COVERED BY REPORT : 1ST APRIL, 2014 TO 31ST MARCH, 2015

The Board of Directors of State Bank of Bikaner and Jaipur have pleasure in presenting this Annual Report together with the audited Balance Sheet and Profit and Loss Account of the Bank for the year ended 31st March, 2015.

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

ECONOMIC SCENARIO

GLOBAL ECONOMY

2014-15 had been a year of greater volatility and uncertainty. The decline in oil prices, adjustments in exchange rate, quantitative easing program of ECB, concerns over Greece, geo-political tension in Middle East etc., as well as concern over economic and political future of Euro area and European Union are some of the factors which were at play. The global growth in 2014 was lower than initially expected and picked up only marginally in 2014 to 2.6%, from 2.5% in 2013. The global economy is struggling to gain momentum as many high-income countries continue to grapple with legacies of the global financial crisis, while emerging economies are less dynamic than in the past.

World GDP is expected to grow by 3% in 2015 and 3.3% in 2016, supported by gradual recovery in high-income countries, low oil prices, and receding domestic headwinds in developing countries. Developing economies are expected to see an increase in growth from 4.4% in 2014 to 4.8% in 2015 and 5.3% in 2016. Lower oil prices will lead to sizeable real income shifts to oil-importing countries from oil-exporting ones.

While economic activity in the United States and the United Kingdom has gathered momentum as labor markets heal and monetary policy remains accommodative, the recovery has been limited in the Euro Area and Japan as legacies of the financial crisis linger, intertwined with structural bottlenecks. China is also undergoing a deceleration. Slower growth in other developing countries in 2014 reflected weak external demand, domestic policy tightening, political uncertainties and supply-side constraints. The impact of meek external demand was faced by emerging economies such as India where exports took most of the hit.

Some major forces driving the global outlook are soft commodity prices, persistently low interest rates, increasingly divergent monetary policies across major economies and weak world trade. The sharp decline in oil prices since mid-2014 also acted as a support to global activity and indirectly supported the growth initiatives in oil-importing developing economies.

Overall, global growth is expected to rise moderately through 2017. High-income countries are likely to see growth of 2.2% in 2015-17, up from 1.8% in 2014, on the back of gradually recovering labor markets, ebbing fiscal consolidation, and still low financing costs. In developing countries, growth is projected to gradually accelerate, rising from 4.4% in 2014 to 4.8% in 2015 and 5.4% by 2017.

INDIAN ECONOMY

The year 2014 can be construed as the year of hope and positive sentiments for the economy as the government in the centre was formed with a huge majority riding on the promises of turnaround in the overall development of the country. FIIs pumped in ₹2.72 lakh crore into the country in 2014-15 in the form of equity and debt taking the Sensex to its record high of 30000. The overall economic scenario seemed to change from distress to a hopeful one. India's forex reserves on the other hand touched an all time high of $339.99 billion in the week ended 20th March 2015. The improved reserves have put the country in a much better position to tackle the probable Rupee weakness when the U.S. Fed actually starts increasing the rates, although the market seems to have already discounted this factor.

The Indian Economy is expected to grow at a rate of 7.4% in the just concluded financial year i.e., 2014-15. While the economy registered a growth of 5.7% in Q1, 5.3% in Q2 and 7.5% in Q3, the growth numbers for first two quarters were revised later to 6.5% and 8.2% respectively on account of change in the base year to 2011-12. The

तदुपरान्त संशोधित करते हुए क्रमश: 6.5% व 8.2% कर दिये गए। आधार वर्ष गणना में परिवर्तन ने 2013-14 की वृद्धि आंकड़ों को बदल कर 6.9% करते हुए 2014-15 की अपेक्षाओं में भी सुधार ला दिया। 5% से भी कम रहे वृद्धि स्तर के अब 6% से अधिक की ओर प्रवसन होने से समग्र व्यावसायिक अभिरुचि को आवश्यक प्रेरणा दी है।

मुद्रास्फीति के मोर्चे पर देश को आसमान छूते थोक मूल्य सूचकांक से कुछ राहत मिली जो कि मार्च' 14 के 6% के स्तर से गिरकर फरवरी 2015 में 2.06% की ऋणात्मक (negative) मुद्रास्फीति स्तर पर आ गया। समेकित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) ने भी भारी गिरावट देखी और यह मार्च'14 के 8.31% से गिरकर नवम्बर'14 में 4.38% पर आ गया। यद्यपि यह आंशिक रूप से बढ़कर फरवरी'15 में 5.37% हो गया किन्तु यह रिजर्व बैंक के जनवरी'15 तक 8% CPI मुद्रास्फीति लक्ष्य से बहुत ही नीचे था और जनवरी'16 के 6% लक्ष्य से भी कम रहते हुए संतोषप्रद स्थिति में था।

बैंकिंग उद्योग

वर्तमान वर्ष में बैंकों द्वारा साख की मांग में कमी व दबावग्रस्त आस्तियों में वृद्धि देखी गयी। धीमी आर्थिक वृद्धि और उपभोग में कमी के चलते औद्योगिक व व्यापार जगत से आशा से भी कम उत्पन्न मांग के फलस्वरूप मौजूदा वित्तीय वर्ष में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर साख वृद्धि दो अंकों के स्तर को नहीं छू सकी। साख की संकुचित/मंद मांग का एक प्रमुख कारण चौतरफा मंद व्यवसाय अभिरुचि और इसी कड़ी में कार्पोरेट इकाइयों द्वारा वाणिज्यिक पत्र बाज़ार व विदेशी स्त्रोतों से, जिनकी दरें भारतीय बैंकों की बेस दर से कम हैं, पूंजी आपूर्ति का विकल्प चुनना माना जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप भारत का गैर-शासकीय बाह्य ऋण में सितंबर' 14 में पिछले वर्ष में इसी अवधि के सापेक्ष 12% की वृद्धि हुई। कुल ऋण में बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ECB) का 35.4% अंशदान है।

अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCBs) की सकल जमाओं में पिछले वर्ष की 14.1% वृद्धि के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10.9% की वृद्धि देखी गयी, जबकि अग्रिमों में यह वृद्धि पिछले वित्तीय वर्ष की 13.9% के सापेक्ष 9.2% रही। चौतरफा व्यापार व मांग में मंदी के कारण आस्ति गुणवत्ता को लेकर चिंताएँ बढ़ने लगीं। अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCBs) की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (Gross NPAs) मार्च'14 में 4.1% से बढ़कर सितंबर'14 में 4.5% हो गई। इनकी प्रभावग्रस्त आस्तियां (stressed assets) भी मार्च, 2014 के 10% स्तर से बढ़कर सितंबर'14 में 10.7% हो गई जबकि सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों (PSBs) की प्रभावग्रस्त आस्तियां 12.9% थीं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक चौंकाने वाले कदम के अंतर्गत पहले जनवरी व फिर मार्च में दोनों ही अवसरों पर रेपो रेट में 25 आधार अंक (basis points) की कटौती कर बाज़ार व उद्योग को खुशी प्रदान की। संवैधानिक तरलता अनुपात (SLR) भी कम हो कर अब 21.5% हो गया है, जिसने बैंकों को न केवल और ज्यादा तरलता प्रदान की है बल्कि साथ ही नियामक निर्देशों के अनुरूप एक स्वस्थ तरलता अनुपात (Liquidity Coverage Ratio) बनाए रखने में भी सहायता दी है। दिसम्बर में मुद्रास्फीति में संभावित वृद्धि में कमी और तेल मूल्यों में गिरावट के साथ साथ सरकार द्वारा अपने वित्तीय घाटे के लक्ष्य की अनुपालना के प्रति दर्शाई गयी वचनबद्धता इस कटौती का प्रमुख कारक रही।

दृष्टिकोण

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी प्रथम द्विमासिक वित्तीय नीति पत्र में यद्यपि 2014-15 में 7.5% की वृद्धि के विरुद्ध 2015-16 में 7.8% वृद्धि का पूर्वानुमान किया है, किन्तु यह एक गिरावट दर्शाते पूर्वाग्रह के साथ किया गया है ताकि अभी तक भी विद्यमान मंद व कुछ हद तक मंथर चल रहा समग्र आर्थिक मनोभाव परिलक्षित हो। दूसरी ओर जहां सरकार ने अपने बजट में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 8 से 8.5% तक वृद्धि प्रक्षेपित की है, वहीं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने इसे 7.5% पर प्रक्षेपित करते हुए अनुदानों में कटौती किए जाने, विस्तृत/ व्यापक कर सुधारों के क्रियान्वयन किए जाने व एक मजबूत मौद्रिक नीति ,जो कि वृद्धि की गति को न केवल बनाए रखे अपितु उसे और तेजी से बढ़ाए, को बनाए रखे जाने पर विशेष बल दिया है।

वित्तीय वर्ष 2014-15 में साख की मांग में मंदी और परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान एक अंक की ही साख वृद्धि परिलक्षित हुई। जमाओं में भी वृद्धि तुलनात्मक रूप से कम रही। वर्तमान वर्ष में मांग के पुनर्जीवित होने व तदनुसार साख की मांग में उठान होने की आशा है।

अवसर व चुनौतियाँ

भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। वर्तमान वर्ष में वृद्धि के पुनर्जीवन से मांग में वृद्धि व तदनुसार व्यवस्था में साख में वृद्धि होने की आशा है।

एक युवा ऊर्जावान जनसंख्या वर्ग, आवास व अन्य सामाजिक सुविधाओं को लेकर बढ़ती हुई आकांक्षाओं से परिपूर्ण एक निरंतर बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग व साथ ही आय अर्जन कोष्ठक में अधिकाधिक लोगों का समावेशन, ये सभी समग्र रूप से बैंकों के लिए एक ऐसी विपुल व्यवसाय संभावना के रूप में रूपांतरित हो रहे हैं जो कि अब तक भी आंशिक रूप से ही अछिद्रित, अनछुई रही है। हाल ही में कृषि क्षेत्र भी, बढ़े हुए कृषि मशीनीकरण-उन्नत उपकरणों के प्रयोग व कृषि उत्पादों तथा साथ ही भूमि अधिग्रहण के प्रतिफलस्वरूप दिये जा रहे बेहतर लाभकारी मूल्यों/ मुआवजा राशि के कारण, एक बड़े उपभोक्ता वर्ग के रूप में उभरा है।

change in base year calculation changed the growth figures for 2013-14 to 6.9% and improved the expectations for 2014-15. The migration to 6% plus levels from the sub 5% growth has given the necessary push to the overall business sentiment.

On the inflation front, country got some respite from the soaring wholesale price index falling from 6% in Mar'14 to a negative inflation of 2.06% in February 2015. Combined CPI also saw a big fall as it came down from 8.31% in Mar'14 to 4.38% in Nov'14, however, it inched up slightly to 5.37% in Feb'15, which was way below RBI's CPI inflation target of 8% by Jan'15 and comfortably below 6% target by Jan'16.

BANKING INDUSTRY

Current year saw low credit offtake and increasing stressed assets for the banks. Credit growth in the current fiscal could not reach double digit levels due to lower than expected demand from the industry on the backdrop of low economic growth and lower consumption. One of the reasons for muted credit growth may be attributed to the overall low business sentiment and further, the corporate opted for raising funds from the commercial paper market and overseas sources where rates are lower than base rate of Indian banks. India's non-government external debt, as a result increased by 12% in Sept'14 over the same period previous year to touch a total of $367.48 billion. Out of the total debt ECB has a share of 35.4%.

Aggregate deposits of the SCBs showed growth of 10.9% in the current fiscal as against previous year growth of 14.1%, while advances growth stood at 9.2% against 13.9% previous fiscal. The asset quality concerns continued to build up, because of the overall trade and demand slowdown. The Gross NPAs of the SCBs increased from 4.1% in Mar'14 to 4.5% in Sept'14. The stressed assets touched a high of 10.7% in Sept'14 from 10% in March, 2014, while PSBs stressed assets stood at 12.9%.

RBI in its surprise move cut the Repo rate twice by 25 basis points each, first in January and second in March, 2015 giving cheers to the market and the industry. The SLR also stands reduced to 21.5% now, giving more liquidity cushion to banks and also to help them maintain a healthy Liquidity Coverage Ratio as per the regulatory norms. The cut was fueled by lower than expected increase in inflation in December and falling crude oil prices along with government's commitment to adhering to its fiscal deficit target.

OUTLOOK

RBI has, in its first bi-monthly monetary policy statement, raised its forecast for growth in 2015-16 to 7.8% as against 7.5% for 2014-15, but with a downward bias so as to reflect that the overall economic sentiment still continues to remain lukewarm and somewhat muted. On the other hand, while the Government had, in its budget, predicted a growth of 8 to 8.5% in the current fiscal, the International Monetary Fund (IMF) has projected the same to remain at 7.5%, with emphasis on reducing subsidies, implementation of comprehensive tax reforms and maintaining a tight monetary policy towards sustaining as also accelerating the growth momentum.

The FY 2014-15 witnessed a muted credit demand resulting in a single digit credit growth for the year. The deposit growth also remained relatively low. The current year may witness some revival in demand, thus leading to credit pick-up.

OPPORTUNITIES & THREATS

Indian economy is one of the fastest growing economies in the world. The revival of growth in the current year is expected to give rise to increased demand thereby pushing up the credit growth in the system.

The advantages emanating out of a young, vibrant population and a burgeoning middle class with increasing aspirations for housing and other social amenities, coupled with more and more people joining the income earning bracket, all translate into a vast potential for the banks, which still remains partially untapped. Of late, the agriculture sector, too, has, owing to increased farm mechanisation and better remunerative prices for agricultural produce as also compensation in lieu of land acquisition, seen an upsurge in their income levels and have emerged as a big consumer class.

The rise in the infrastructure projects in the country have the ability to spur the growth cycle by way of the multiplier effect they have on overall business growth in the economy. The "Make in India" campaign being aggressively pursued by the Government is likely to bring in further domestic and overseas investment in this sector.

देश में तेजी से बढ़ती इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में अर्थव्यवस्था में समग्र व्यवसाय वृद्धि पर पड़ने वाले उनके चक्रात्मक प्रभाव के कारण वृद्धि चक्र को और गतिमान बनाने की क्षमता है। सरकार द्वारा आक्रामक रूप से प्रचारित प्रोत्साहित किए जा रहे ''मेक इन इंडिया'' अभियान के फलस्वरूप भी इस क्षेत्र में और अधिक घरेलू व विदेशी निवेश आने की संभावना है।

यद्यपि बैंकों, विशेषकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको, के लिए कई अवसर है, तथापि लाभप्रदता पर दबाव, आस्ति गुणवत्ता में गिरावट तथा बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा के रूप में अंतर्निहित चुनौतियाँ भी है जो कि मार्जिन कम कर रही हैं। बैंकों को न केवल उपलब्ध संसाधनों का सर्वश्रेष्ठ उपयोग करते हुए इन चुनौतियों का डट कर मुकाबला करने के लिए तैयार होना होगा, अपितु साथ ही आगे बने रहने के लिए सतत व निर्बाध रूप से नवोन्मेषन, नवप्रयोग व नवचिंतन करते रहना होगा।

राजस्थान अर्थव्यवस्था

राजस्थान भारतीय आर्थिक परिदृश्य में एक उभरता हुआ राज्य है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था मूलत: कृषि व पशुपालन आधारित होने के उपरांत भी देश के औद्योगिक मानचित्र पर तेज़ी से उभर रही है। राजस्थान को चुनिन्दा क्षेत्रों में निवेश हेतु सबसे पसंदीदा राज्य बनाने व अंतत: वैश्विक प्रतिस्पर्धी अर्जित करने के उद्देश्य से सरकार विविध कदम उठा रही है। औद्योगिक वृद्धि की समग्र गति को और तेज़ी प्रदान करने, रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, उत्पादकता में सुधार, संरक्षित किए जाने वाले विकास को सुनिश्चित करने तथा लघु, मध्यम व वृहद उद्योगों को सुदृढ़ किए जाने पर राज्य द्वारा विशेष बल दिया गया है।

विगत पाँच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2008-09 से 2013-14 तक) में राज्य ने औसतन 8.5% की सुदृढ़ वृद्धि दर दर्शाई है। राजस्थान अपने खनिज भंडारों तथा पर्यटक स्थलों के लिए विख्यात है जो कि उसकी सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) में प्रमुख योगदान रखते हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में राजस्थान का योगदान करीब 4.7% है, जो कि मुख्यत: प्राथमिक क्षेत्र द्वारा है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था में द्वितीयक (secondary) और तृतीयक (tertiary) क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण हैं व इन दोनों क्षेत्रों का राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) में अनुमानत: 80% तक का समग्र योगदान है। सीमेंट, सिरेमिक्स, खनिज व खनन, हस्तशिल्प और पर्यटन मुख्य उद्योग हैं।

राज्य में बढ़ते हुए उद्योगों के कारण राजस्थान देश का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र बनने के पथ पर अग्रसर है। औद्योगिक विकास में तेज़ी लाये जाने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए सरकार ने राज्य में कुछ नए औद्योगिक क्षेत्रों की घोषणा की है। भारत में खदान व खनन के क्षेत्रों में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सीमेंट का दूसरा सबसे बड़ा स्त्रोत है। यहाँ नमक, तांबा व जस्ते के प्रचुर भंडार हैं। केयर्न इंडिया द्वारा राजस्थान में तेल की खोज ने राजस्थान को तेल व गैस अन्वेषण के विश्व मानचित्र पर पहले ही ला दिया है।

वर्तमान बजट में राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर अधिक बल दिया गया है। 14000 मेगावाट की सौर ऊर्जा व 26000 मेगावाट के सोलर पार्क का राज्य में विकास तथा 10000 कि.मी सड़क का निर्माण व नवीनीकरण इसके मुख्य बिन्दुओं में एक हैं। बजट ने उपभोक्ता उत्पाद उद्योग व नए-नवोन्मेषी उपक्रमों (new start ups) को करों में राहत दी। साथ ही जनसाधारण द्वारा अचल संपत्ति के क्रय व विक्रय से जुड़े रजिस्ट्रेशन व स्टाम्प ड्यूटी में भी छूट दी गयी।

निगमित परिचालन

व्यवसाय निष्पादन

बैंक का व्यवसाय ₹1.50 लाख करोड़ के मील के पत्थर के आंकड़े को पार करते हुए मार्च 2014 के ₹139208 करोड़ के स्तर में ₹16184 करोड़ (11.62%) की वृद्धि दर्शाते हुए मार्च 2015 की समाप्ति पर ₹155392 करोड़ के स्तर पर पहुँच गया। मार्च, 2015 को समाप्त अवधि के दौरान कुल जमाएँ ₹10364 करोड़ (14.02%) की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹84239 करोड़ के स्तर पर पहुँच गई जबकि अग्रिम ₹5820 करोड़ (8.91%) की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹71153 करोड़ के स्तर पर पहुँच गए। जहां बैंक की जमाओं की लागत 2013-14 में 7.04% से घटकर 2014-15 में 7.01% हो गई, वहीं अग्रिमों पर प्रतिफल भी 11.27% से घटकर 10.98% हो गया।

कोष एवं निवेश

केंद्र में एक स्थायी सरकार के कारण 10 वर्ष प्रतिफल (yield) 8.50% से 8.80% के बीच नए 10 वर्ष बेंचमार्क की घोषणा होने तक बना रहा, जो कि जुलाई, 2014 में 8.40% पर आ गया। प्रतिफल में गिरावट की प्रवृत्ति सितंबर, 2014 में मुद्रास्फीति में कमी, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) आंकड़ों में गिरावट और वित्तीय समेकन के आलोक में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दर में कटौती किए जाने की अपेक्षा में आरंभ हुई। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जनवरी, 2015 तथा मार्च, 2015 में प्रत्येक अवसर पर दर में 25 आधार अंक (bps) की कटौती के कारण 10 वर्ष बेंचमार्क प्रतिफल ने 7.64% के अंतर दिवसीय न्यूनतम स्तर को छुआ। तथापि, वैश्विक कारकों से व अमेरिका में दर में वृद्धि की आशंका से प्रतिफल 7.80% की ओर बढने लगा।

केंद्र में नई सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न सुधारात्मक कदम, विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) की सतत आवक व भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 25 आधार अंक (bps) प्रत्येक की एक के तुरंत बाद दूसरी कटौती के परिणामस्वरूप बाजार ने नई ऊंचाइयों को छुआ क्योंकि नई सरकार से आशाओं तथा अनुकूल मुद्रास्फीति आंकड़ों ने सकारात्मक माहौल सृजित हो गया था। सेंसेक्स व निफ्टी ने दिनांक 04 मार्च, 2015

While there are many opportunities for the banks, especially the public sector ones, there are some inherent threats as well in the form of pressure on profitability, decline in asset quality, and increasing competition, which is driving down the margins. The banks have not only to brace themselves up and try to make the best out of the available resources, but to consistently improvise, invent and innovate for staying ahead.

RAJASTHAN ECONOMY

Rajasthan is one of the emerging states in the Indian eco-system. Rajasthan economy, though primarily agricultural and pastoral, is rising fast on the industrial map of the country. Government is initiating a variety of measures to make Rajasthan the most preferred State for investment in identified sectors and to ultimately achieve global competitiveness. The State has laid special emphasis on accelerating the overall pace of industrial growth, increasing employment opportunities, improving productivity, ensuring sustainable development and strengthening small, medium and large industries.

On an average, the state has grown at a robust 8.5% rate in the last five years (FY 2008-09 to FY 2013-14). Rajasthan is well known for its mineral endowment and tourist locations that are important contributors to its GSDP. Rajasthan accounts for a contribution of around 4.7% to India's GDP, largely through the primary sector. The secondary and tertiary sectors are crucial for Rajasthan's economy, together they account for around 80% of the state's GSDP. Cement, ceramics,



minerals and mining, handicrafts and tourism are key industries.

With growing industries in the state, Rajasthan is on the road to become major industrial hub in the country. Pitching for faster industrial development, Government has announced some new industrial areas in the state. Rajasthan is pre-eminent in quarrying and mining in India. The state is the second largest source of cement. It is rich in salt deposits, copper and zinc. The Oil discovery in Rajasthan by Cairn India has already brought Rajasthan on the world map of Oil and Gas exploration.

In the current budget, more thrust has been given on infrastructure development of the state. Development of 14000 MW of solar energy and 26000 MW of solar park in the state and construction and renewal of 10000 km of road were some of the key points. The budget gave a number of tax sops for the consumer goods industry and the new start ups. It also gave exemption in the registration and stamp duty for sale and purchase of immovable property to the public individuals.

CORPORATE OPERATIONS

BUSINESS PERFORMANCE

The Bank crossed a milestone business figure of ₹1.50 lac crores and reached a level of ₹155392 crore as at end of March, 2015 as against ₹139208 crore as at end of March, 2014, registering a growth of ₹16184 crore (11.62 %). The total deposit increased by ₹10364 crore (14.02 %) to reach a level of ₹84239 crore while advances increased by ₹5820 crore (8.91%) to reach a level of ₹71153 crore as at end of March, 2015. The cost of deposits of the Bank decreased from 7.04% in 2013-14 to 7.01% in 2014-15, while yield on advances also decreased from 11.27% to 10.98%.

TREASURY AND INVESTMENTS

A stable government at the centre saw the 10 year yield in the range of 8.50% to 8.80% till the announcement of new 10 year benchmark, which came at 8.40% in July, 2014. Downward trend of yield started from September, 2014 in anticipation of rate cut by the RBI on the backdrop of easing inflation, declining IIP numbers and fiscal consolidation. The 10 year benchmark yield touched an intraday low of 7.64% due to rate cut by the RBI by 25 bps each in January, 2015 and March, 2015. However, due to global factors the yield moved upwards to 7.80% apprehending a rate hike in the US.

As a result of various reform measures taken by the new government at the centre, continued FII inflows and back to back rate cuts by the RBI of 25 bps each, the market scaled to new highs as positive sentiment was created on expectations from the new government and favorable inflation figures. The Sensex and the Nifty touched the historical high of 30024.74 and 9119.20 on





को क्रमशः 30024.74 व 9119.20 की ऐतिहासिक ऊंचाइयों को छुआ।

बैंक का निवल निवेश 31 मार्च, 2014 को ₹17750.27 करोड़ से बढ़कर व 26.57% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च, 2015 को ₹22465.42 करोड़ हो गया। 2014-15 में निवेश से अर्जित लाभ 2013-14 के ₹138.63 करोड़ से बढ़कर (11.09%) ₹154.01 करोड़ हो गया। 2014-15 में निवेश पर प्रतिफल 7.75% था।

विशिष्ट वित्तीय तथ्य

निवल ब्याज आय

बैंक की कुल ब्याज आय वर्ष 2013-14 के ₹8168.56 करोड़ से बढ़कर व 10.24% की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2014-15 में ₹9005.45 करोड़ हो गई। ब्याज व्यय गत वर्ष के ₹5344.78 करोड़ के विरुद्ध 13.45% बढ़कर ₹6064.02 करोड़ हो गया। निवल ब्याज आय वर्ष 2013-14 के ₹2823.78 करोड़ में 4.16% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹2941.43 करोड़ हो गई। निवल ब्याज मार्जिन (NIM)मार्च 2015 के अंत में 3.37% रहा।

गैर ब्याज आय

बैंक की गैर ब्याज आय 5.71% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2013-14 में ₹876.34 करोड़ से बढ़कर 2014-15 में ₹926.39 करोड़ हो गयी। गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष में वृद्धि का प्रमुख कारण निवेश के विक्रय पर अर्जित लाभ में ₹15.38 करोड़ की वृद्धि तथा अपलिखित खातों में ₹16.19 करोड़ की वसूली रही है।

परिचालन व्यय

परिचालन व्यय 2013-14 के ₹2005.45 करोड़ में 13.71% की गिरावट दर्ज करते हुए 2014-15 में ₹1763.71 करोड़ हो गए। इसका मुख्य कारण कर्मचारी प्रावधानों का 2013-14 के ₹543.69 करोड़ से घटकर 2014-15 में ₹254.90 करोड़ हो जाना रहा।

लाभ

2014-15 के दौरान परिचालन लाभ गत वर्ष के ₹1694.66 करोड़ में 24.16% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹2104.11 करोड़ हो गया। निवल लाभ भी 6.17% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2013-14 में ₹731.69 करोड़ से बढ़कर 2014-15 में ₹776.87 करोड़ हो गया।

लाभांश

बैंक द्वारा वर्ष 2014-15 में 143% का अन्तरिम लाभांश अर्थात ₹14.30प्रति इक्विटी शेयर (शेयर का अंकित मूल्य ₹10 प्रति शेयर) घोषित किया गया जो कि गत वर्ष के 143% लाभांश अर्थात ₹14.30 प्रति शेयर के समतुल्य था। शेयर धारकों की अन्तरिम लाभांश पात्रता ज्ञात करने हेतु रिकार्ड तिथि 31.03.2015 थी। अन्तरिम लाभांश को ही अंतिम लाभांश माना जाए।

मुख्य वित्तीय संकेतक

आस्तियों पर अर्जित प्रतिफल गत वर्ष के 0.87% के विरुद्ध 2014-15 में 0.84% हो गया। मार्च 2015 के अंत में इक्विटी पर प्रतिफल 12.92% रहा। प्रति अंश आय 2013-14 में ₹104.53 से बढ़कर 2014-15 में ₹110.98 हो गयी। जबकि प्रति अंश पुस्तक मूल्य वर्ष 2013-14 के ₹765.13 से बढ़कर 2014-15 में ₹858.95 हो गया। मार्च 2015 को समाप्त अवधि के दौरान बैंक का बासेल-II व बासेल-III मानदंडों के अनुसार पूंजी पर्याप्तता अनुपात क्रमशः 11.69% व 11.57% हो गया है जो कि मार्च, 2014 को समाप्त अवधि के दौरान बासेल-II व बासेल-III के अनुसार क्रमशः 11.71% व 11.55% था। यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 9% के मानदंड से काफी उपर रहा। बैंक का सकल गैर निष्पादित आस्ति (एनपीए) व निवल गैर निष्पादित आस्ति (एनपीए) अनुपात मार्च 2014 के अंत में क्रमशः 4.18% व 2.76% से घटकर मार्च 2015 के अंत में क्रमशः 4.14% व 2.54% हो गया है। गत वर्ष का प्रति कर्मचारी औसत व्यवसाय ₹9. 77 करोड़ से बढकर 2014-15 के दौरान ₹11.00 करोड हो गया। प्रति कर्मचारी निवल लाभ वर्ष 2013-14 के ₹5.62 लाख से बढ़कर वर्ष 2014-15 में ₹6.02 हो गया है। प्रति शाखा औसत व्यवसाय पिछले वर्ष के ₹121.26 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2014-15 में ₹123.22 करोड़ हो गया है।

साख प्रबंधन

अर्थव्यवस्था में व्याप्त समग्र शिथिलता व तदनुसार निवेश गतिविधि के स्तर में कमी के कारण समग्र साख मांग 2014-15 के दौरान मंद बनी रही। तथापि, बैंक ने गुणवत्तापूर्ण साख वृद्धि और त्वरित साख विपणन पर अपना ध्यान केन्द्रित रखा। 2013-14 में 11.72% की वृद्धि के विरुद्ध बैंक के कुल अग्रिमों में 2014-15 में 8.90% की वृद्धि रही।

बैंक के वाणिज्यिक व संस्थागत (सी एंड आई) खंड के अग्रिम (खाद्य साख के अतिरिक्त) जहां 0.38% की आंशिक



March 04, 2015 respectively.

The Bank's net investment increased from ₹17750.27 crore as on 31st March, 2014 to ₹22465.42 Crore on 31st March, 2015 registering a growth of 26.57%. Profit from sale of investment for the year 2014-15 rose to ₹154.01 crore as against ₹138.63 crore for the year 2013-14 which is an increase of 11.09%. Return on investment stood at 7.75% for 2014-15.

FINANCIAL HIGHLIGHTS

NET INTEREST INCOME

The Bank's total interest income increased from ₹8168.56 crore during 2013-14 to ₹9005.45 crore during 2014-15, recording a growth of 10.24%. Interest expenditure increased by 13.45% to ₹6064.02 crore, as against ₹5344.78 crore in the previous year. The net interest income recorded a growth of 4.16% to ₹2941.43 crore, as against ₹2823.78 crore in 2013-14. The net interest margin (NIM) stood at 3.37% at the end of March 2015.

NON-INTEREST INCOME

The non-interest income of the Bank has increased by 5.71% from ₹876.34 crore in 2013-14 to ₹926.39 crore during 2014-15. The increase during the year as compared to the last year is mainly on account of increase in profit on Sale of Investment of ₹15.38 crore and recovery in Written-off accounts to the tune of ₹16.19 crore.

OPERATING EXPENSES

The operating expenses declined by 13.71% from ₹2005.45 crore in 2013-14 to ₹1763.71 crore during 2014-15. This is due to decrease in staff provisions from ₹543.69 crore in 2013-14 to ₹254.90 crores during 2014-15.

PROFIT

During 2014-15, the operating profit increased to ₹2104.11 crore, recording a growth of 24.16% as against ₹1694.66 crore in the previous year. The net profit recorded a growth of ₹45.18 crores (6.17%) from ₹731.69 crore in 2013-14 to ₹776.87 crore in 2014-15.

DIVIDEND

During the year 2014-15, the Bank declared an Interim Dividend of 143-% i.e. ₹14.30 per equity share (face value of share ₹10/- per share) which is same as the dividend of 143-% i.e. ₹14.30 per share declared in the previous year. Record date for ascertainment of entitlement of shareholders for Interim Dividend was 31.03.2015. Interim dividend may be treated as final dividend.

KEY FINANCIAL INDICATORS

The Return on Assets of the Bank stood at 0.84% during 2014-15 as against 0.87% in the previous year. The return on equity (ROE) stood at 12.92% at the end of March, 2015. The earnings per share increased from ₹104.53 in 2013-14 to ₹110.98 in 2014-15, while the book value per share improved from ₹765.13 in



2013-14 to ₹858.95 in 2014-15. As at the end of March, 2015. the capital adequacy ratio of the Bank stood at 11.69% and 11.57% as per Basel-II and III norms respectively, as against 11.71% and 11.55% as per Basel-II and III norms respectively, as at the end of March, 2014. This was well above the RBI benchmark of 9%. The Bank's Gross NPA ratio and Net NPA ratio decreased from 4.18% and 2.76% respectively as at the end of March 2014 to 4.14% and 2.54% respectively, at the end of March, 2015. The average business per employee increased to ₹11.00 crores during 2014-15, as against ₹9.77 crores in the previous year. The net profit per employee increased to ₹6.02 lacs in 2014-15, compared to ₹5.62 lacs during 2013-14. The average business per branch increased to ₹123.22 crore during 2014-15, as against ₹121.26 crore in the previous year.

CREDIT MANAGEMENT

The overall credit demand remained muted during the FY 2014-15 due to overall slowdown in the economy leading to lower level of investment activity. However, the Bank continued to focus on qualitative credit growth and faster credit delivery. Total advances of the Bank grew by 8.90% during 2014-15, as against growth of 11.72% during 2013-14.

वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2013-14 के विरूद्ध ₹139 करोड़ बढ़े, वहीं गैर वाणिज्यिक व संस्थागत खंड, जिसमें वैयक्तिक, लघु व्यवसाय तथा कृषि अग्रिम शामिल हैं, में ₹5765 करोड़ (20.51%) की वृद्धि हुई।

उद्योग के विभिन्न खंडों में व्याप्त दबाव के मद्देनजर वित्त पोषण प्रदान किए जाने हेतु प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों व अन्य क्षेत्र यथा रियल एस्टेट, टेक्सटाइल तथा गैर-बैंकिंग वाणिज्यिक इकाइयों (NBFCs) आदि पर अधिक बल रहा।

वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक तथा दबावग्रस्त बाजार परिदृश्य के आलोक में शीर्ष प्रबंधन द्वारा अति महत्वपूर्ण ग्राहकों के साथ देश के प्रमुख केन्द्रों पर किए गए गहन संवाद व नियमित संपर्क के फलस्वरूप कई अच्छे गुणवत्तापूर्ण अग्रिम प्रस्ताव प्राप्त करने में सफलता मिली।

वैयक्तिक बैंकिंग

वैयक्तिक बैंकिंग खंड पर विशेष ध्यान पूर्व की भांति केन्द्रित रहा। 2014-15 के दौरान बैंक के रिटेल परिचालन ने सुदृढ़ वृद्धि दर्ज की। वैयक्तिक खंड जमाएँ 16.60% वृद्धि दर्शाते हुए मार्च, 2015 के अंत में बढ़कर ₹57462 करोड़ हो गयी। नए ग्राहकों का अधिग्रहण प्रमुख केंद्र बिन्दु बना रहा तथा वर्ष के दौरान 34 लाख नए चालू व बचत खातों के खोले जाने के फलस्वरूप ग्राहक आधार में 26% वृद्धि दर्ज की गयी। बैंक की बचत खाता जमाएँ भी 13.90% वृद्धि दर्शाते हुए ₹28536 करोड़ हो गई।

वैयक्तिक वित्त

वैयक्तिक खंड अग्रिम के संबंध में बैंक अपने उत्पादों व सेवाओं को बाजार की आशाओं के अनुरूप अधिकाधिक परिष्कृत व उत्कृष्ट बनाने हेतु कटिबद्ध रहा। अधिकांश प्रमुख वैयक्तिक खंड उत्पादों व उनकी विशेषताओं को परिष्कृत किया जा चुका है।

बैंक के आवास ऋण तथा वैयक्तिक ऋण संवितरण में क्रमशः 24.23% तथा 22.53% की सुदृढ़ वृद्धि देखी गयी। समग्र वैयक्तिक खंड अग्रिम पोर्टफोलियो भी वर्ष के दौरान 18.36% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹12187 करोड़ हो गया।

ऑनलाइन स्वीकृतियाँ : आवास ऋण व कार ऋण हेतु ऑनलाइन सैद्धांतिक स्वीकृति ने काफी संख्या में नए ग्राहकों को हमारी ओर आकर्षित किया है। वर्ष के दौरान क्रमशः ₹598.50 करोड़ तथा ₹382.70 करोड़ के आवास ऋण व कार ऋण की सैद्धांतिक (in-principle) स्वीकृतियाँ प्रदत्त की गई।

प्राथमिक क्षेत्र अग्रिम

बैंक प्राथमिक क्षेत्र के अग्रिम को सर्वाधिक प्राथमिकता प्रदान करता है तथा वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान अग्रिमों की कुल वृद्धि का 60% से अधिक प्राथमिक क्षेत्र अंतर्गत दर्ज हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 40% के मानदंड के विरूद्ध 31 मार्च 2015 के अंत में बैंक के प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम समायोजित निवल बैंक साख (ANBC) का 42.52% थे। आंकड़ों के परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक क्षेत्र अग्रिम 2014-15 में ₹4203 करोड़ की वृद्धि दर्शाते हुए ₹23641 करोड़ से बढ़कर ₹27844 करोड़ हो गए। इस क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बैंक शाखा स्तर के परिचालन प्राधिकारियों को कृषि, सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों (MSE), शिक्षा, आवास, निर्यात वित्त आदि की ओर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु अभिप्रेरित कर रहा है। प्राथमिक क्षेत्र के अग्रिमों अंतर्गत लक्ष्यों / उप लक्ष्यों तथा उत्पादों/योजनाओं के प्रति परिचालन स्टाफ में अधिक जागरूकता लाये जाने हेतु भी विशेष बल दिया जा रहा है।

कृषि

कृषि क्षेत्र को अग्रिम बैंक की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक बनी रही। कृषि अग्रिमों का स्तर मार्च 2014 के ₹10962

करोड़ से बढ़कर मार्च 2015 के अंत में ₹11927 करोड़ हो गया।

गत वर्ष के ₹7669 करोड़ के विरुद्ध समीक्षा वर्ष में कृषि में साख प्रवाह ₹9672 करोड़ रहा। कुल कृषि ऋण समायोजित निवल बैंक साख (ANBC) का 18.21% है।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान ₹1928 करोड़ साख सीमा के 71046 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए। मार्च 2015 के अंत तक कुल किसान क्रेडिट कार्डों की संख्या 628428 थी।

वित्तीय समावेशन योजना (FI Plan) 2013-16 अंतर्गत प्रगति

भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय समावेशन योजना (FIP Plan): 2013 -16 के अनुसार बैंक द्वारा मार्च, 2015 तक 3144 गांव बी. सी. द्वारा कवर किए जाने थे। इसके विरुद्ध बैंक ने 7048 गाँवों को कवर कर लिया है। बैंक का शाखा नेटवर्क भी वर्तमान वर्ष के दौरान 117 शाखाओं के खोले जाने के उपरांत 1250 शाखाओं के मील के पत्थर को पार करता हुआ 1261 हो गया। बी. सी. चैनल के माध्यम से 6,00,000 खाते खोलने के लक्ष्य के विरुद्ध 935299 खाते खोले जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री जन-धन योजना (PMJDY) अंतर्गत प्रगति

बैंक ने माननीय प्रधानमंत्री द्वारा घोषित प्रधानमंत्री जन-धन योजना को उत्साहपूर्वक अंगीकार करते हुए 24.61 लाख खाते खोल दिये हैं, जिनमें से 11.24 लाख खाते ग्रामीण क्षेत्र में तथा 13.37 लाख खाते शहरी क्षेत्रों में हैं। इस योजना यथा PMJDY अंतर्गत 31.03.2015 तक ₹599.66 करोड़ जमा

The Bank's Commercial & Institutional (C&I) segment advances (other than food credit) during the FY 2014-15 marginally grew by 0.38% with an increase of ₹139 crore over FY 2013-14, whereas non C&I segment comprising personal, small business and agricultural advances grew by ₹5765 crore (20.51%).

In the backdrop of stress in the various segments of the industry, the impetus of financing remained mainly towards top rated PSUs and other sectors such as Real Estate (RH), textiles and NBFCs etc.

In view of the prevailing competitive and stressed market scenario, closer interaction and regular meetings by the Top Management with high value customers at major centers in the country resulted in booking of several good quality advances.

PERSONAL BANKING

